INDIAN SCHOOL MUSCAT
PRIMARY SECTION
STD : IV

पाठ - <u>कबड्डी</u>

<u>प्रश्नोत्तर</u>

प्रश्न 1 कबड्डी किन किन देशों में खेली जाती है ?

उत्तर 1 कबड्डी नेपाल, बांग्लादेश, श्रीलंका , पाकिस्तान आदि देशों में खेली जाती है।

प्रश्न 2 कबड्डी की टीम में कितने खिलाड़ी होते है ?

उत्तर 2 कबड्डी की टीम में सात-सात खिलाड़ी होते हैं।प्रत्येक टीम में पाँच पाँच रिजर्व (एवजी) खिलाड़ी भी होते हैं।

प्रश्न 3 कबड्डी के खेल को खेलने में कितना समय लगता है ?

उत्तर 3 कबड्डी के खेल को खेलने में दोनो टीमों को बीस-बीस मिनट का समय लगता है।

प्रश्न 4 खिलाड़ी कब आउट माना जाता है ?

उत्तर 4 जब कोई खिलाड़ी पकड़ा जाए और उसकी साँस वहीं टूट जाए तो वह आउट माना जाता है।

प्रश्न 5 विजयी कौन कहलाता है ?

उत्तर 5 जब एक टीम का खिलाड़ी दूसरी टीम के खिलाड़ियों को छूकर लौटता है तब उस टीम को अधिक अंक मिलते हैं और वही टीम विजयी कहलाता है।

<u>दिए गए शब्दों के अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए ।</u>

क) निरंतर - निरंतर अभ्यास करने से हमें सफलता मिलती है।

ख) विजयी - राज दौड़ की प्रतियोगिता में विजयी हुआ ।

ग) खिलाड़ी - सचिन भारत का मशहूर खिलाड़ी है।

घ) अभ्यास - रीना चित्र बनाने का अभ्यास कर रही है।

ङ) खेल - मेरे दादाजी को शतरंज का खेल पसंद है।